रजिस्ट्री सं. डी. (डी. एन.)-72 REGISTERED No. D (D.N.) 72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

स. 53] नई दिल्ली, शुक्रवार, मार्च 13, 1987/फाल्गुन 22, 1908
No. 53] NEW DELHI, FRIDAY, MARCH 13, 1987/PHALGUNA 22, 1908

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

वित्त मंत्रालय

(व्यय विभाग)

नई दिल्ली, 13 मार्च, 1987

संकल्प

सं. एफ. 14(2)/आई. सी./86.—केन्द्रीय सरकार के समूह "ख", "ग" और "घ" के सिविल कर्मचारियों से संबंधित चतुर्थ केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के संबंध में भारत सरकार के निर्णय, वित्त मंत्रालय के संकल्प संख्या 14(1)/आई. सी./86, दिनांक 13-9-1986 के अन्तर्गत अधिसूचित कर दिए गए थे। सरकार ने अब, केन्द्रीय समूह "क" सेवाओं/पदों और साथ ही अखिल भारतीय सेवाओं के संबंध में परिलब्धियों, भत्तों और सेवा शर्तों के बारे में आयोग की सिफारिशों पर ध्यानपूर्वक विचार किया है और यह निर्णय किया है कि इनके संबंध में आयोग की सिफारिशों को, निम्नलिखित संशोधनों के साथ, सामान्यतः स्वीकार कर लिया जाए :—

I—अखिल भारतीय सेवाओं के वेतनमान :

(i) भारतीय प्रशासनिक सेवा :

भारतीय प्रशासनिक सेवा का वरिष्ठ समय वेतनमान और प्रवरण ग्रेड क्रमशः 3200—4700 रुपये और 4800—5700 रुपये होगा तथा इस सेवा के लिए एक कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (3950—5000 रुपये) (गैर-कार्यात्मक) होगा।

(ii) भारतीय पुलिस सेवा :

भारतीय पुलिस सेवा में एक गैर-कार्यात्मक कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (3700—5000 रुपये) तथा प्रवरण ग्रेड (4500—5700 रुपये) होगा। पुलिस उप-महानिरीक्षक का वेतनमान 5100-150-5400-150-6150 रुपये (18वें वर्ष में अथवा उसके बाद 5400 रुपये) होगा। राज्यों में महानिदेशक (पुलिस) का वेतनमान 7300-100-7600 रुपये होगा बड़े राज्यों में 7600-100-8000 रुपये का वेतनमान होगा।

(iii) भारतीय वन सेवा :

भारतीय वन सेवा में 3700—5000 रुपये का एक गैर-कार्यात्मक कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड, और 4100—5300 रुपये का एक प्रवरण ग्रेड होगा । वन संरक्षक का वेतनमान 4500—5700 रुपये होगा । अपर मुख्य संरक्षक और मुख्य संरक्षक का वेतनमान 5900—6700 रुपये होगा । प्रधान मुख्य संरक्षक का वेतनमान 7300-100-7600 रुपये होगा; बड़े राज्यों में वेतनमान 7600 रुपये (स्थिर) होगा ।

II—केन्द्रीय समूह "क" सेवाओं/पदों के वेतनमान :

(i) जिन वैज्ञानिक संगठनों में लचीली अनुपूर्ति (फ्लेक्सिबल कम्पलीमेंटिंग) की स्कीम लागू है, उनमें वैज्ञानिक पदों पर लागू होने वाले वेतनमानों में निम्नलिखित सुधार किए गए हैं :—

विद्यमान वेतनमान	आयोग द्वारा सिफारिश किया गया वेतनमान	संशोधित वेतनमान
रु.	रु.	रु.
1800—2250	4100—5300	4500—5700
2000—2500	4500—5700	5100—6300
2250—2750	5100—6700	5900—6700

(ii) महानिदेशक, बी. एस. एफ. और महानिदेशक, सी. आर. पी. एफ. के पद का वेतनमान 7600 रुपये (स्थिर) की बजाए जैसा कि आयोग ने सिफारिश किया है, 8000 रुपये (स्थिर) होगा ।

(iii) भारत सरकार के अपर सचिव के पद व समकक्ष पदों का वेतनमान 7300-100-7600 रुपये होगा ।

(iv) भारतीय विदेश सेवा का वरिष्ठ समय वेतनमान और प्रवरण ग्रेड क्रमशः 3200—4700 रुपये और 4800—5700 रुपये होगा और इस सेवा के लिए एक कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (3950—5000 रुपये) (गैर-कार्यात्मक) होगा ।

III—अन्य मामलों से संबंधित सिफारिशें :

(i) यह निर्णय किया गया है कि अवरुद्धता वेतन वृद्धि की योजना को, जिसकी आयोग ने सिफारिश की है, उन समूह "क" अधिकारियों पर लागू कर दिया जाए जिनका अधिकतम वेतनमान संशोधित वेतनमान में 6700 रुपये से अधिक नहीं है ।

(ii) यह भी निर्णय किया गया है कि सी. एच. एस. में सामान्य ड्यूटी डाक्टरों और रेलवे तथा केन्द्रीय पुलिस संगठनों में डाक्टरों के सेवा चार्ट और सेवा में प्रोन्नति के बारे में जांच करने के लिए एक अन्तर-विभागीय समिति गठित की जाए क्योंकि आयोग ने ऐसी जांच किए जाने की सिफारिश की है।

(iii) वेतन निर्धारण, भत्तों की स्वीकृति, प्रभावी होने की तारीख आदि से संबंधित आयोग की सिफारिशों को, समूह "ख", "ग" और "घ" के कर्मचारियों के संबंध में स्वीकृत सुधारों को, जहां कहीं व्यवहार्य हो, केन्द्रीय समूह "क" सेवाओं/पदों और अखिल भारतीय सेवाओं पर लागू करने के बाद, सामान्यतः स्वीकार कर लिया जाएगा ।

2 स्फीतिकारी प्रवृत्तियों को नियंत्रित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, सरकार यह आशा करती है कि समूह "क" और अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारी, उपरोक्त निर्णयों के फलस्वरूप प्राप्त होने वाली, मार्च, 1986 के बाद की अवधि की बकाया राशि को भी अपनी भविष्य निधि में स्वेच्छापूर्वक विशेष तौर पर जमा करा देंगे । तथापि, सी. पी. एफ. में जमा की जाने वाली राशि के लिए, जिसमें जनवरी से मार्च, 1986 की अवधि भी शामिल है, सरकार से तदनुरूपी अंशदान नहीं किया जाएगा ।

3 इस संकल्प के साथ तथ्यों विवरण के कालम 2 में वर्णित केन्द्रीय समूह "क" सेवाओं/पदों के संबंध में आयोग की सिफारिशों पर सरकार का निर्णय विवरण के कालम 3 में दर्शाया गया है । अखिल भारतीय सेवाओं के संबंध में, उन निर्णयों को प्रभावी बनाने के लिए, जो भी उन पर लागू हों, इन सेवाओं के संबंधी नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी ।

4 आयोग द्वारा की गई जो सिफारिशें अनुबंध में शामिल नहीं है, उन पर सरकार द्वारा विचार किया जा रहा है और उनके संबंध में किए जाने वाले निर्णयों को अलग से अधिसूचित कर दिया जाएगा ।

आदेश

आदेश, दिया जाता है कि इस संकल्प को भारत के असाधारण राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक प्रतिलिपि भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों, राज्य सरकारों, संघ क्षेत्रों के प्रशासनों व अन्य सभी संबंधितों को भेज दी जाए ।

ए. रंगाचारी, अवर सचिव

अनुबन्ध

समूह "क" सेवाओं/पदों पर काम करने वाले कर्मचारियों के संबंध में चौथे वेतन आयोग की सिफारिशें और सरकार द्वारा उन पर लिए गए निर्णय दर्शाने वाला विवरण ।

(विवरण में अध्यायों और पैराग्राफों के बारे में जो संदर्भ दिए गए हैं वे वेतन आयोग की रिपोर्ट से संबंधित हैं)

क्र. सं.	चौथे वेतन आयोग की सिफारिशें	सरकार द्वारा किया गया निर्णय
1	2	3
(1)	वेतन	
(क) (i)	समूह "क" सेवाओं/पदों के बारे में निम्नलिखित 15 संशोधित वेतनमान सुझाए गए हैं । 1. 2200-75-2800-ब.रो.-100-4000/- रु. 2. 3000-100-3500-125-4500 /- रु. 3. 3000-100-3500-125-5000/- रु. 4. 3700-125-4700-150-5000/- रु. 5. 4100-125-4850-150-5300/- रु. 6. 4500-150-5700/- रु. 7. 5100-150-5700/- रु. 8. 5900-200-6700/- रु. 9. 5100-150-6300-200-6700/- रु. 10. 5900-200-7300/- रु. 11. 7300/- रु. निश्चित 12. 7300-200-7500-250-8000/- रु. 13. 7600/- रु. (निश्चित) 14. 8000/- रु. (निश्चित) 15. 9000/- रु. (निश्चित) (अध्याय 8, पैराग्राफ 8,9 तथा 8.73)	वैज्ञानिक पदों और अपर सचिव तथा उसके समकक्ष पदों पर लागू होने वाले कतिपय वेतनमानों में परिवर्तन करते हुए स्वीकृत । केन्द्रीय सिविल सेवा (संशोधित वेतन) नियमावली, 1986 में संशोधन अलग से जारी किए जा रहे हैं ।
(ii)	जिन संशोधित वेतनमानों की सिफारिश अध्याय 8 में की गई है वे, उन पदों को छोड़कर जिनके लिए विस्पष्ट रूप से अध्याय 9,10, 11 और 27 में सिफारिशें की गई हैं, सभी पदों पर लागू होंगे। भविष्य में सृजित किए जाने वाले किसी भी पद को आयोग की सिफारिश के अनुसार निर्धारित किसी भी एक या दूसरे वेतनमान में रख सकना संभव होना चाहिए । (अध्याय 8 पैराग्राफ 8.9 और 8.72)	स्वीकार कर ली गई ।
(iii)	कतिपय पदों अथवा श्रेणियों के संशोधित वेतनमानों के संबंध में आयोग ने रिपोर्ट के अध्याय 9.10.11 और 27 में स्पष्ट सिफारिशें की हैं । (अध्याय 10 पैराग्राफ 10.249)	कतिपय संशोधनों के साथ स्वीकार कर ली गई है जिन्हें अलग से अधिसूचित किया जा रहा है । देशज औषध प्रणाली/होम्योपेथी में डिग्रीधारियों के वेतनमानों के संबंध में आयोग की सिफारिशों के बारे में निर्णय बाद में घोषित किया जाएगा ।
(iv)	संगठित केन्द्रीय सेवाओं में वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड--II (2250--2500/- रु.) और स्तर--I(2500--2750/- रु.) के पदों को मिला दिया जाना चाहिए और उन्हें (5900-200-6700/- रु.) का वेतनमान दिया जाना चाहिए । (अध्याय 8, पैराग्राफ 8.65)	स्वीकार कर ली गई ।
(ख)	समूह "क" केन्द्रीय सेवाओं के मामले में प्रवरण ग्रेड में पदोन्नति के लिए कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड में अधिकतम दो वर्ष के गतिरोध की मौजूदा शर्त को हटा दिया जाना चाहिए । प्रवरण ग्रेड में पदोन्नति के मानदण्ड और प्रवरण ग्रेड पदों की संख्या का हिसाब लगाने का आधार अखिल भारतीय और समूह "क" केन्द्रीय सेवाओं में एक समान होना चाहिए । (अध्याय 23, पैराग्राफ 23.12)	स्वीकार कर ली गई।

1	2	3
2.	जो व्यक्ति अपने वेतनमान के अधिकतम पर पहुंच जायें उन्हें राहत प्रदान करने के विचार से वरिष्ठ समय वेतनमान स्तर तक समूह "क" सेवाओं/पदों में सभी सेवाओं को संबद्ध वेतनमानों के अधिकतम वेतनमान पर हर दो वर्ष पूरा करने पर एक गतिरोध वेतनवृद्धि दी जाये । अधिक से अधिक ऐसी तीन वृद्धियां दी जा सकती हैं । (अध्याय 23, पैराग्राफ 23.10)	इस संशोधन के साथ स्वीकार कर ली गई है कि गतिरोध वेतनवृद्धि की योजना समूह "क" के उन अधिकारियों पर लागू होगी जिनके वेतनमान का अधिकतम स्तर 6700/- रु. से अधिक न हो।
3.	पैराग्राफ 30.2 में वर्णित तरीके प्रस्तावित वेतनमान में कर्मचारियों का वेतन निश्चित किया जाये । (अध्याय 30)	इस संशोधन के साथ स्वीकार कर ली गई है कि न्यूनतम लाभ 50/- रु. की बजाय 75/- रु. होना चाहिये ।
4.	(1) वित्त नियम 22-ग एक पद से दूसरे पद पर पदोन्नति के सभी मामलों में लागू होना चाहिये बशर्ते कि उच्च पद में वेतन निर्धारित करने से पहले निम्न पद में जोड़ी जाने वाली राशि 25/- रु. से कम नहीं होनी चाहिये । (अध्याय 23, पैराग्राफ 23.14)	इस संशोधन के साथ स्वीकृत कि कोई न्यूनतम लाभ की सीमा नहीं होगी ।
	(2) केन्द्रीय सचिवालय सेवा में अवर सचिव से उप-सचिव के पद पर पदोन्नति के मामले में न्यूनतम वृद्धि की राशि 150/- रु. से बढ़ाकर 250/- रु. कर दी जानी चाहिये। (अध्याय 9. पैराग्राफ 9.25)	अस्वीकृत । इन मामलों में भी वेतन का निर्धारण एफ आर. 22 सी के अन्तर्गत किया जाना चाहिये जैसा कि अन्य पदोन्नतियों के मामलों में किया जाता है ।
5.	मूल्य वृद्धि के लिये मुआवजा	
	(1) जब तक सरकार किसी नये सूचक अंक को प्रतिस्थापित नहीं करती तब तक मूल्य वृद्धि के लिये कर्मचारियों को मुआवजा दिये जाने के प्रयोजन से औद्योगिक कर्मचारी (सामान्य) अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचक अंक (आधार 1960-100) को ही उपयोग में लाया जाना चाहिये ।	इस परिवर्तन के साथ स्वीकार कर ली गई है कि मूल्य वृद्धि का मुआवजा सितम्बर के वेतन के साथ पहली जुलाई से और मार्च के वेतन के साथ पहली जनवरी से अदा किया जायेगा ।
	(2) 12 महीनों के सूचक अंकों के 608 के औसत (1960=100), जिससे सिफारिशों के अनुसार निर्धारित वेतनमान संबंधित हैं, ऊपर मूल्य वृद्धि हो जाने पर मुआवजा अदा किया जाना चाहिये ।	
	(3) मुआवजे की मंजूरी मार्च और सितम्बर के वेतनों के साथ अदा किये जाने के लिये एक वर्ष में दो बार प्रदान की जानी चाहिये।	टिप्पणी : वित्त मंत्रालय के का.ज्ञा. संख्या 13017/1/86-ई.-II(बी), दिनांक 24-6-86 के द्वारा 1-4-86 से अतिरिक्त महंगाई भत्ते की जिन किस्तों की मंजूरी दी गई है और उसके अनुपालन में अप्रैल, मई और जून, 1986 में जिन धनराशियों की अदायगी कर दी गई है उनका संशोधित फार्मूले/वेतनमानों के संशोधन के कारण देय बकाया राशि के अनुसार अदा किये जाने वाले महंगाई भत्ते में समायोजित कर दिया जायेगा ।
	(4) उपर्युक्त सूचक अंक के 12 महीनों के औसत में प्रत्येक वर्ष दिसम्बर और जून में समाप्त होने वाली अवधियों में 608 के औसत सूचक अंक से जितनी भी प्रतिशत वृद्धि हो उसे केवल संपूर्ण अंकों में ही ग्रहण किया जाना चाहिये और भिन्नात्मक वृद्धि को अग्रेषित कर देना चाहिये ।	
	(5) मूल वेतन पर कर्मचारियों को प्रदेय मुआवजे की दर, सूचक अंक के 608 अंक के औसत पर भी पूर्णांकों में परिकलित की जानी चाहिये और भिन्नात्मक वृद्धि को अग्रेषित किया जाना चाहिये ।	
	(6) जो कर्मचारी 3500/- रु. तक का मूल वेतन ले रहे हैं, उनके लिये 100 प्रतिशत, 3501/- रु. से 6000/- रु. तक 75 प्रतिशत और 6000/- रु. से अधिक के लिये मामूली समायोजन करके 65 प्रतिशत मूल्य-वृद्धि निराकरण की व्यवस्था की जानी चाहिये।	
	(7) मुआवजे को परिलब्धियों के एक अलग तत्व के रूप में प्रवर्णित किया जाना चाहिये। (अध्याय 13. पैराग्राफ 13.20)	
6.	विशेष वेतन कुछ मामलों में आयोग ने संशोधित वेतनमानों की सिफारिश की है जिनमें विशेष वेतन भी सम्मिलित है । प्रस्तावित वेतनमानों को ध्यान में रखते हुए यह सिफारिश है कि विशेष वेतन की मौजूदा दरों को जहां कहीं लागू हों, 500 रुपये प्रतिमास की अधिकतम सीमा के अन्तर्गत दूगना कर दिया जाये ।	स्वीकृत । संबंधित मंत्रालय/विभाग उन पदों की, जिनके लिये इस समय विशेष वेतन ग्राह्य है, अलग से समीक्षा करेंगे ताकि विशेष वेतन वाले पदों की संख्या को सीमित किया जा सके, तथा समीक्षा की परिणामों की रिपोर्ट कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के पास 31-5-1986 से पहले भेज देंगे ।
7.	प्रतिनियुक्ति (ड्यूटी) भत्ता : सरकार प्रस्तावित संशोधित वेतनमानों के संदर्भ में प्रतिनियुक्ति भत्ते का उपयुक्त रूप से निर्धारण कर सकती है । प्रतिनियुक्ति भत्ता एक निश्चित दर पर दिया जाना चाहिये, वेतन के प्रतिशत के रूप में नहीं । (अध्याय 24, पैराग्राफ 24.5)	प्रतिनियुक्ति (ड्यूटी) भत्ता एक ही शहर में स्थानान्तरण के मामले में, 250 रुपये की उच्चतम सीमा के अधीन मूल वेतन के 5 प्रतिशत की दर से और अन्य मामलों में 500 रु. की उच्चतम सीमा के अधीन मूल वेतन के 10 प्रतिशत की दर से दिया जायेगा ।

1	2	3

8 प्रतिपूरक भत्ते : नगर पूरक भत्ता

(i) शहरों को वहां की तुलनात्मक महंगाई के आधार पर वर्गीकृत करना बड़ा पेचीदा और काफी समय खपने वाला कार्य है । इस सुझाव का स्वीकार करना कठिन है कि नगर पूरक भत्ता सभी स्थानों पर दिया जाये क्योंकि सामान्य निर्वाह व्यय में होने वाली वृद्धि की प्रतिपूर्ति समय-समय पर महंगाई भत्ते की अदायगी की स्कीम द्वारा की जाती है।
(अध्याय 17, पैराग्राफ 17.3) — स्वीकृत

(ii) प्रतिपूरक नगर भत्ता निम्नलिखित नीचे उल्लिखित निर्धारित दरों पर अदा किया जाये :—

वेतन रेंज	विभिन्न श्रेणी के नगरों में प्रतिपूरक नगर भत्ते की रकम (प्रति माह)			
	ए.	बी-1	बी-2	
2200 रुपये तथा उससे अधिक	100	75	20	स्वीकृत (कुछ विशेष स्थानों के मामले में, जहां पर यह भत्ता बी-2 श्रेणी शहरों पर लागू होने वाली दरों पर दिया जा रहा है, आदेश अलग से जारी किये जा रहे हैं)।

9. मकान किराया भत्ता :

(i) नगरों की जनसंख्या पर आधारित वर्गीकरण के संदर्भ में मकान किराया भत्ता देने की मौजूदा प्रणाली को जारी रखा जाये ।
(अध्याय 14 पैरा 14.25) — स्वीकृत

(ii) नगरों को भी वर्तमान तीन श्रेणियों अर्थात् ख-I और ख-II तथा ग में वर्गीकृत किया जाना जारी रखा जाये । उन अवर्गीकृत शहरों/कस्बों में भी मकान किराया भत्ता अदा किये जाने की वास्तविक आवश्यकता है जहां इस समय यह देय नहीं है।
(अध्याय 14, पैराग्राफ 14.25) — स्वीकृत

(iii) सरकारी कर्मचारियों को मकान किराये भत्ते की अदायगी उस टाइप के सरकारी आवास के संदर्भ में की जानी चाहिये, जिसके लिये वे अपनी वेतन सीमा के आधार पर हकदार है। इस व्यवस्था के अन्तर्गत किसी विशेष टाइप के आवास के हकदार, किसी कर्मचारी को मकान किराया भत्ता निश्चित राशि में देय होना चाहिये और यह तब तक नहीं बदलेगा जब तक कि उसकी हकदारी में परिवर्तन नहीं हो जाता ।
(अध्याय 14, पैराग्राफ 14.26) — स्वीकृत

(iv) कर्मचारियों का वर्गीकरण और विभिन्न श्रेणियों के शहरों में उन्हें देय मकान किराये भत्ते की राशि निम्नलिखित रूप में होनी चाहिये :—

जिस टाइप के आवास के लिये हकदार है	हकदारी के लिये प्रस्तावित वेतनमानों में वेतन सीमा	निम्न श्रेणियों के शहरों में देय मकान किराये भत्ते की राशि		
		क, ख-I, और ख-II श्रेणी के शहर	ग श्रेणी के शहर	अवर्गीकृत स्थान
सी	2200-2799	450	220	100
डी	2800—3599	600	300	150
ई	3600—4499	800	400	200
ई-I ई-II ई-III	4500—6699 6700—7299 7300 और अधिक	1000	500	300

(अध्याय 14, पैराग्राफ 14.27)

1	2	3
	(v) उपर्युक्त दरों पर मकान किराया भत्ता सभी कर्मचारियों को (उनको छोड़कर, जिन्हें सरकारी/किराये पर दिया गया आवास प्रदान किया गया है) अदा किया जाये, और इसके लिये उन्हें किराये की रसीद प्रस्तुत करना जरूरी नहीं होना चाहिये । लेकिन उनके लिये यह प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होना चाहिये कि वे किराये पर कुछ व्यय कर रहे हैं/किराये के संबंध में कुछ अंशदान कर रहे हैं । अपने स्वयं के मकानों में रहने वाले सरकारी कर्मचारियों को भी उपर्युक्त दरों पर मकान किराया भत्ता दिया जाये, बशर्ते कि वे यह प्रमाण-पत्र दें कि वे मकान अथवा सम्पत्ति कर अथवा मकान के अनुरक्षण के संबंध में अदायगी/अंशदान कर रहे हैं । (अध्याय 14, पैराग्राफ 14.27)	स्वीकृत
	(vi) उन मामलों में, जहां कोई सरकारी कर्मचारी किसी अन्य सरकारी कर्मचारी को किराये के बिना आवंटित किये गये सरकारी आवास को शेयर करता है अथवा अपने माता-पिता, पुत्र-पुत्री, पत्नी अथवा पति को आवंटित हुए सरकारी आवास में रहता/रहती है, जो अन्य शर्तें इस समय लागू हैं, वे लागू होती रहेंगी। (अध्याय 14, पैराग्राफ 14.27)	स्वीकृत
	(vii) कुछ मामलों में वेतन की सीमा पर, जहां तक मकान किराया भत्ता दिया जाता है पाबन्दियां लगी हुई हैं । उन सभी स्थानों पर, जहां इस समय वेतन के 15 प्रतिशत दर पर मकान किराया भत्ता देय है, वे उन दरों पर अदा किया जाये, जिनकी सिफारिश वेतन आयोग द्वारा "क", "ख"-I और "ख"-II श्रेणी के नगरों के लिये की गई है । उन अन्य मामलों में, जिन पर विशेष आदेश लागू होते हैं, मकान किराया भत्ता उन दरों पर अदा किया जाये, जिनकी सिफारिश वेतन आयोग ने "ग" श्रेणी के नगरों के लिये की है । इन दोनों मामलों में मकान किराया भत्ते के लिये वेतन की कोई उच्चतम सीमा नहीं होनी चाहिये । (अध्याय 14, पैराग्राफ 14.28)	स्वीकृत
	(viii) जब तक सरकार, संघ राज्य क्षेत्र गोआ, दमन और दीव में विशेष आदेशों के अन्तर्गत मकान किराया भत्ता देना जारी रखती है, तब तक यह उस दर पर दिया जाये, जिनकी सिफारिश वेतन आयोग द्वारा "ग" श्रेणी के नगरों के लिये की गई है । (अध्याय 14, पैराग्राफ 14.29)	स्वीकृत
	10. पर्वतीय प्रतिपूरक भत्ता/शीतकालीन भत्ता : उन सभी स्थानों पर, जहां इस समय पर्वतीय प्रतिपूरक भत्ता देय है, समूचे वर्ष भर वर्तमान पर्वतीय प्रतिपूरक भत्ते और शीतकालीन भत्ते को मिलाकर एक संयुक्त भत्ता दिया जाए, जिसकी दरें निम्नलिखित हैं:—	स्वीकृत

बुनियादी वेतन	संयुक्त पर्वतीय प्रतिपूरक भत्ते की मासिक दर (रुपये)
2200 रुपये और अधिक (अध्याय 17, पैराग्राफ 17.8)	150 रुपये

11. प्रतिकूल जलवायु भत्ता : प्रतिकूल जलवायु भत्ता सरकारी कर्मचारियों को खराब जलवायु वाले क्षेत्रों में सेवा संबंधी कठिनाइयों के मुआवजे के रूपये में दिया जाता है । यह भत्ता उन स्थानों पर दिया जाता है, जिन्हें संबन्धित राज्य सरकारों द्वारा अपने कर्मचारियों को भत्ता देने के लिए प्रतिकूल जलवायु वाले क्षेत्र घोषित किया गया हो। प्रतिकूल जलवायु भत्ता मौजूदा मानदंडों के आधार पर, लेकिन वेतन की किसी उच्चतम सीमा के बिना, इन निम्न-लिखित दरों पर दिया जाना चाहिए:—	स्वीकृत

वेतन सीमा	प्रतिकूल जलवायु भत्ते की मासिक दर (रुपये)
बुनियादी वेतन 2200–2999 रु०	80
बुनियादी वेतन 3000 रुपये और अधिक	100
(अध्याय 17, पैराग्राफ 17.14)	

(1)	(2)	(3)

12. परियोजना/निर्माण भत्ता :

केन्द्रीय सरकार के उन कर्मचारियों को जो वृहद परियोजनाओं के निर्माण के संबन्ध में अविकसित और एकान्त स्थानों पर काम कर रहे हों, परियोजना/निर्माण भत्ता दिया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य उन्हें परियोजना स्थल पर आवास, स्कूलों, मार्केट, औषधालयों जैसी सुविधाओं के अभाव के लिए मुआवजा देना है। जब ये सुविधाएं परियोजना स्थल पर अथवा उसके निकट उपलब्ध हो जाती हैं, तो यह भत्ता चरणबद्ध रूप से समाप्त कर दिया जाता है। वर्ष 1970 से शुरू होने वाले दशक में सरकार ने परियोजना भत्ता देने के मार्गदर्शक निर्देशों और उसकी स्वीकृति देने की प्रक्रिया को दोषरहित बनाया था। इसके बाद परियोजना भत्ता परियोजना-क्षेत्रों में परियोजना भिन्न कर्मचारियों को दिया जाने लगा, जिसकी दर परियोजना कर्मचारियों को देय भत्ते की दरों की 50 प्रतिशत थी। परियोजना भत्ते की अदायगी का विनियमन करने वाले मौजूदा निर्देशों में कोई परिवर्तन करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन उसकी दरों को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाए:—

स्वीकृत

वेतन सीमा	परियोजना भत्ते की मासिक दरें (रुपये)
बुनियादी वेतन 2200-2999 रुपये	300
बुनियादी वेतन 3000 रुपये और अधिक	375

(अध्याय 17, पैराग्राफ 17.17)

13. विशेष प्रतिपूरक भत्ता:

सीमा क्षेत्र भत्ते, दूरस्थ स्थान भत्ते और कठिन क्षेत्र भत्ते के रूप में दिए जाने वाले विशेष प्रतिपूरक भत्ते की दरों को युक्तिसंगत बनाए जाने की आवश्यकता है, ताकि मोटे रूप से एक ही प्रकार की स्थानीय कठिनाइयों, स्थितियों आदि वाले स्थानों के मामले में उनमें कुछ एक रूपता लाई जा सके। द्वीपीय क्षेत्रों के मामले में दो विभिन्न किस्मों के भत्तों के स्थान पर एक ही संयुक्त प्रतिपूरक भत्ता देना वांछनीय होगा। इसके अलावा, ये भत्ते एक समान दरों पर दिये जाने चाहिए। सिफारिश किये गए वेतनमानों को ध्यान में रखते हुए, ये भत्ते निम्नलिखित दरों पर दिए जाएंगे:—

स्वीकृत

क्रम संख्या	क्षेत्र	विशेष प्रतिपूरक भत्ते की मासिक दरें (रुपये)	
		बुनियादी वेतन 2200—2999 रुपए	बुनियादी वेतन 3000 रुपये और अधिक
1	2	3	
1.	पैरा 17.9 में दी गई सारणी की क्रम संख्या 1 से 10 में सूचीबद्ध क्षेत्र	500	650
2.	पैरा 17.9 में दी गई सारणी की क्रम संख्या 11 से 17 में सूचीबद्ध क्षेत्र	400	525
3.	पैरा 17.9 में दी गई सारणी की क्रम संख्या 18 से 24 में सूचीबद्ध क्षेत्र	300	375
4.	पैरा 17.9 में दी गई सारणी की क्रम संख्या 25 और 26 में सूचीबद्ध क्षेत्र	80	100

(अध्याय 17, पैराग्राफ 17.11)

1	2	3

14. मिजोरम में गड़बड़ी वाला क्षेत्र भत्ता

सरकार, आयोग द्वारा सुझाई गई विशेष प्रतिपूरक भत्ते की संशोधित दरों को ध्यान में रखते हुए मिजोरम में विशेष भत्ता (गड़बड़ी वाले क्षेत्र भत्ता) को जारी रखने की आवश्यकता की जांच करे।

(अध्याय 17, पैरा 17.12)

स्वीकृत। इस बीच भत्ता विद्यमान दरों पर दिया जाता रहे।

(1)	(2)	(3)
15.	जनजातीय क्षेत्र भत्ता	
	कुछ स्थानों पर केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को जनजातीय क्षेत्र भत्ता, संबंधित राज्य सरकारों द्वारा अपने कर्मचारियों को दिये जाने वाले ऐसे ही भत्ते के आधार पर स्वीकृत किया गया है । लेकिन केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को दिए जाने वाले भत्ते की दरें भिन्न है जो 20 रुपये से 50 रुपये मासिक तक हैं । इस भत्ते की दरें वही होनी चाहिएं जिनकी सिफारिश प्रतिकूल जलवायु भत्ते के लिए की गई है । हाल में कुछ राज्य सरकारों द्वारा अपने कर्मचारियों को कुछ स्थानों पर जनजातीय क्षेत्र भत्ता स्वीकृत किया गया है, लेकिन इन क्षेत्रों में केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए इसकी मंजूरी नहीं दी गई है । यह भत्ता जनजातीय क्षेत्रों में तैनाती के लिए एक प्रोत्साहन स्वरूप इसकी मंजूरी राज्य सरकारों द्वारा की गई है, वहां केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों को भी यह भत्ता दिया जाए । (अध्याय 17, पैरा 17.15 और 17.16)	स्वीकृत
16.	जोखिम भत्ता :	
	कठिन परिस्थितियों में काम करने वाले विभिन्न वर्गों के कर्मचारियों के जोखिम भत्ते को युक्तिसंगत बनाने के लिए सुझाव प्राप्त हुए हैं । मामले की सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए नियुक्त की जाने वाली एक विशेषज्ञ समिति द्वारा जांच की जा सकती है। समिति न केवल कर्मचारियों के विभिन्न वर्गों के लिए भत्ता मंजूर करने की आवश्यकता के बारे में जांच करे बल्कि इसकी पर्याप्तता की भी जांच करे । इसी दौरान, विद्यमान दरों में 100 प्रतिशत वृद्धि की सिफारिश की जाती है । (अध्याय 17, पैराग्राफ 17.21 से 17.23)	विशेषज्ञ समिति नियुक्त किए जाने की सिफारिश स्वीकृत । इसी बीच मौजूदा दरों पर जोखिम भत्ता देना जारी रखा जाए ।
17.	यात्रा भत्ता	
	(1) आयोग ने रिपोर्ट के अध्याय 18 में वर्णित यात्रा भत्ते से संबंधित निम्नलिखित मामलों के संबन्ध में कुछ दरों और या शर्तों के बारे में सिफारिश की है :— (क) केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों का वर्गीकरण (ख) सड़क मील भत्ता । (ग) यात्रा और स्थानान्तरण पर रेल द्वारा यात्रा की हकदारी । (घ) दैनिक भत्ते की दर । (ङ) स्थानान्तरण अनुदान तथा पैकिंग भत्ता । (च) रेल द्वारा जुड़े स्थानों के बीच व्यक्तिगत वस्तुओं का परिवहन । (छ) रेल द्वारा न जुड़े स्थानों के बीच वस्तुओं का परिवहन । (ज) स्थानान्तरण पर सरकारी कर्मचारियों की हकदारी (झ) बच्चों के लिए यात्रा सहायता । (ञ) आश्रित संबन्धियों के लिए आय की सीमा ।	स्वीकृत
	(2) वायुयान से यात्रा करने के संबन्ध में किसी भी प्रकार का परिवर्तन किए जाने की आवश्यकता नहीं है, सिवाय इसके कि भारत सरकार के अवर सचिव तथा उसके समकक्ष ओहदे के अधिकारियों को देश में एग्जीक्यूटिव श्रेणी से यात्रा करने की अनुमति प्रदान की जाए ।	स्वीकृत
	(3) सामान्य :	
	यात्रा भत्ते/दैनिक भत्ते की दरों की सरकार द्वारा समय समय पर समीक्षा की जानी चाहिए और आवश्यक होने पर उन्हें संशोधित किया जाए । (अध्याय 18, पैरा 18.17)	स्वीकृत

(1)	(2)	(3)

18. सवारी भत्ता

सवारी भत्ते की दरें निम्न प्रकार संशोधित की जानी चाहिए :

सरकारी ड्यूटी पर औसत मासिक यात्रा	अपनी मोटरकार द्वारा	सवारी के अन्य वाहन द्वारा
	यात्रा के लिए सवारी भत्ते की दर	
201–300 कि.मी.	300 रुपये प्र.मा.	100 रुपये प्र.मा. स्वीकृत
301–450 कि.मी.	450 रुपये प्र.मा.	130 रुपये प्र.मा.
451–600 कि.मी.	550 रुपये प्र.मा.	170 रुपये प्र.मा.
601–800 कि०मी.	650 रुपये प्र.मा.	200 रुपये प्र.मा.
800 कि.मी. से अधिक	800 रुपये प्र.मा.	230 रुपये प्र.मा.

सवारी भत्ते की अदायगी के लिए अन्य शर्तें लागू रहेंगी।

(अध्याय 18, पैरा 18.6)

19. छुट्टी की हकदारी :

(i) यह सिफारिश की जाती है कि अर्जित अवकाश जमा होने की 180 दिन की विद्यमान सीमा को बढ़ाकर 240 दिन कर दिया जाए। यह भी सिफारिश की जाती है कि सेवा-निवृत्ति के समय अर्जित अवकाश के बदले नकद राशि की सीमा को भी बढ़ाकर 240 दिन कर दिया जाए।	स्वीकृत। सभी अधिकारियों को अलग से अनुदेश जारी किए जाएंगे कि किसी भी कर्मचारी को आमतौर से छुट्टी देने से इन्कार नहीं किया जाएगा।
(ii) इस समय अध्ययन संबंधी छुट्टी की मंजूरी की शर्त के अधीन किसी सरकारी कर्मचारी को ऐसी छुट्टी लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। यदि वह सेवा-निवृत्त होने वाला है अथवा उसे उस तारीख से तीन वर्ष के अन्दर सरकारी सेवा से सेवा-निवृत्त होने का विकल्प प्राप्त है, जिस तारीख को छुट्टी समाप्त होने के बाद उसके ड्यूटी पर वापस आने की सम्भावना है। "अथवा सेवा-निवृत्त होने का विकल्प प्राप्त है" शब्दों को नियमों से निकाल दिया जाए। विद्यमान नियम स्पष्ट नहीं है कि क्या उन मामलों में भी अध्ययन छुट्टी मंजूर की जा सकती जिनमें अध्ययन संबंधी पाठ्यक्रम एक से अधिक अवधि में पूरा किया जाए। स्थिति को स्पष्ट करने के लिए नियमों को संशोधित किया जाए और अध्ययन छुट्टी को, विद्यमान सीमाओं के अन्तर्गत जहां कहीं आवश्यक हों, दो अवधियों में लेने की अनुमति दी जाए।	स्वीकृत। केन्द्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियम 1972 में आवश्यक संशोधन जारी कर दिए गए हैं।
(iii) प्रत्येक कैलेन्डर वर्ष की पहली जनवरी और पहली जुलाई को 15-15 दिन की दो किस्तों में अर्जित अवकाश जमा करने की मौजूदा पद्धति पर पुनर्विचार किया जाए ताकि जिन मामलों में कर्मचारियों ने पहली जनवरी अथवा पहली जुलाई को पहले ही 180 दिन का अर्जित अवकाश जमा कर लिया हो उन्हें होने वाले नुकसान को दूर किया जा सके। (अध्याय 26, पैराग्राफ 26.2)	अस्वीकृत, क्योंकि इससे उन कर्मचारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा जिनके पास पहली जनवरी अथवा पहली जुलाई से पहले कोई छुट्टी जमा नहीं होगी।

20. चिकित्सा सुविधाएं :

(क) जो कर्मचारी चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना के अन्तर्गत आते हों, उन्हें बहिरंग इलाज के लिए 25 रुपए प्रतिमाह के हिसाब से निश्चित चिकित्सा भत्ता दे दिया जाए। किन्तु कैंसर, मधुमेह आदि जैसी विशेष बीमारियों पर, जिनका रिपोर्ट के पैराग्राफ 16.9 में उल्लेख किया गया है और अस्पताल में भर्ती होने पर किए जाने वाले खर्चों की, पहले की भांति सभी कर्मचारियों को प्रतिपूर्ति की जाती रहेगी। (अध्याय 16 पैराग्राफ, 16.9)	अस्वीकृत। आवश्यकता पड़ने पर समुचित इलाज की सुविधा प्रदान करने पर महत्व दिया गया है न कि बिना आवश्यकता के भत्तों का भुगतान करने पर। मौजूदा कमियों को दूर करने और केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए अलग से कार्रवाई की जा रही है। इस बीच प्रतिपूर्ति योजना जारी रहेगी।
(ख) माता-पिता, बहनों, विधवा बहनों, नाबालिग भाइयों, तथा बच्चों को सरकारी कर्मचारी पर आश्रित माना जा सकता है यदि वे उसके साथ रहते हों और यदि उनकी पेंशन तथा मृत्यु एवं सेवा-निवृत्ति उपदान लाभों के बराबर पेंशन की राशि समेत सभी स्रोतों से आय 500/- रुपए प्रतिमाह से कम हो। (अध्याय 16, पैराग्राफ 16.10)	स्वीकार कर लिया गया है।

(1)	(2)	(3)
21.	कार्य घंटे : सरकारी कर्मचारियों के कार्य के घंटों पर जो इस समय 37-1/2 प्रति सप्ताह है, सरकार द्वारा पुनर्विचार किया जाए और उनमें उत्पादकता के स्तर को बनाए रखने तथा उसमें सुधार करने की दृष्टि से यथोचित वृद्धि कर दी जाए । (अध्याय 26, पैराग्राफ 26.6)	स्वीकृत : प्रत्येक कार्य दिवस में 1/2 घंटे की वृद्धि करके कार्य के घंटे प्रति सप्ताह 40 कर दिए जाएंगे ।
22.	सेवाओं तथा पदों का वर्गीकरण : वर्गीकरण की मौजूदा पद्धति को जारी रखा जाए और समूह "क" के लिए संशोधित वर्गीकरण के अन्तर्गत वे सिविल पद आने चाहिए जिनके वेतनमान की अधिकतम सीमा 4000/-रुपए से कम न हो। जहां कहीं इस तरह के परिवर्तन हों जिनका उल्लेख पैराग्राफ 26.50 में किया गया है तो उन पदों के मामले में विद्यमान वर्गीकरण को जारी रखा जाए । किन्तु सरकार चाहे तो आवश्यकता पड़ने पर ऐसे मामलों में वर्गीकरण में पुनर्विचार कर सकती है । (अध्याय 26, पैराग्राफ 26.52)	विद्यमान वर्गीकरण सांकेतिक रूप से जारी रखा जाएगा ।
23.	सामान्य भविष्य निधि : सभी कर्मचारियों के लिए अंशदान की मौजूदा दरों पर भविष्य निधि योजना को अनिवार्य बनाए रखा जाए। भविष्य निधि खाते से किसी भी प्रयोजन के लिए कोई अग्रिम लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी । भविष्य निधि खाते से वापस न की जाने वाली निकासियों को भी सीमित कर दिया जाना चाहिए और केवल बच्चों की उच्च शिक्षा, स्वयं अथवा बच्चों के विवाह, कर्मचारी की बीमारी और मकान बनाने के लिए प्लाट खरीदने, अपने रहने के लिए मकान/बना बनाया फ्लैट खरीदने के लिए, जिसमें प्लाट की लागत भी शामिल है, रकम निकालने की अनुमति दी जानी चाहिए। निकासियों की राशि की सीमा तथा पात्रता शर्तें पहले की भांति ही रखी जाएं, सिवाए किसी मकान को खरीदने के लिए निकासी के संबंध में; जिन मामलों में निकासी वाली राशि और/अथवा सेवा की अवधि के संबंध में कोई प्रतिबन्ध नहीं होना चाहिए । (अध्याय 20, पैराग्राफ 20.4)	अंशदान की मौजूदा दरों पर सामान्य भविष्य निधि योजना को जारी रखने की सिफारिश स्वीकृत । अग्रिम और निकासी के नियमों को कड़ा बनाए जाने के बारे में दी गई अन्य सिफारिश की जांच की जानी है ।
24	वेतनवृद्धि : सभी स्तरों पर किन्तु सेवा के सबसे वरिष्ठ स्तरों पर कार्यनिष्पादन से संबद्ध वेतनवृद्धियां केवल उन्हीं को दी जानी चाहिएं जो पूर्ण संतोषजनक ढंग से सेवा करें। इस प्रयोजन के लिए सेवा नियमों में संतोषजनक सेवा की परिभाषा शामिल की जाए । कार्य-निष्पादन के मूल्यांकन के लिए एक उचित मानदण्ड तैयार किया जाए और अधिकारियों की एक समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष श्रेणी निर्धारित की जाए। जिस कर्मचारी का निरन्तर उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन रहे उसे सीमित संख्या में बगैर रोकान वाले नकद लाभ या दुगुनी दर पर वार्षिक वेतन-वृद्धि दे दी जाए । (अध्याय 7, पैराग्राफ 7.60)	स्वीकार नहीं की गई । क्योंकि वेतनवृद्धि को रोकना सी. सी. एस. (सी.सी.ए.) नियमों, 1965 के अन्तर्गत एक दण्ड है। इसलिए वेतन-वृद्धि को रोकने की प्रक्रिया बड़ी पेचीदा बन जाएगी और यदि वेतन आयोग की सिफारिश स्वीकार कर ली गई तो इसे क्रियान्वित करना प्रशासनिक रूप से कठिन होगा । वेतनवृद्धि की हर प्रकम पर समीक्षा करना, कार्यकुशलता के लिए भी सहायक सिद्ध नहीं होगा । वक्षतारोध अथवा पदोन्नति के समय इस प्रकार की समीक्षा करना बेहतर होगा ।
25.	आयोग ने कुछ उच्च स्तर के पदों से संबद्ध सेवाओं में संवर्गीकरण का सुझाव दिया है, जैसे :—आई. आर. ए. एस. में वित्तीय आयुक्त (रेलवे), केन्द्रीय सड़क इंजीनियरी सेवा महानिदेशक और अतिरिक्त महानिदेशक, इंडियन सप्लाई सर्विस/इंडियन इन्सपेक्शन सर्विस में में संभरण तथा निपटान महानिदेशक, भारतीय सांख्यिकी सेवा में केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन के महानिदेशक, भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) और भारतीय सीमाशुल्क और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क सेवा में केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क बोर्ड में अध्यक्ष तथा सदस्य। (अध्याय 10, पैराग्राफ 10.398, 10.116, 10.465, 10.20, 10.353, 10.200)	स्वीकार नहीं की गई ।
26.	चिकित्सा अधिकारी : (क) केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा, सामान्य ड्यूटी अधिकारी संवर्ग में विभिन्न स्तरों पर पर्याप्त संख्या में पदों का सृजन करके उसे उपयुक्त रूप से पुनर्गठित किया जाए ताकि उच्च श्रेणी के अधिकारियों को सेवा में तरक्की के संतोषजनक अवसर प्राप्त हो सकें । (अध्याय 10, पैराग्राफ 10.231)	इस सेवा के डाक्टरों के रोजगार और सेवा-कालीन पदोन्नति अवसरों की जांच करने के लिए एक अन्तर्विभागीय समिति नियुक्त की जाएगी ।

(1)	(2)	(3)
	(ङ) केन्द्रीय पुलिस संगठन में चिकित्सा अधिकारियों की पदोन्नति की संभावनाओं में सुधार करना आवश्यक है। संबद्ध विभाग को इन अधिकारियों की सेवा कालीन उन्नति के अवसरों की जल्दी से फिर से जांच करनी चाहिए और इस सेवा का इस प्रकार पुनर्गठन किया जाए ताकि इन्हें भी केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा के चिकित्सा अधिकारियों के बराबर पदोन्नति के अवसर मिल सकें । (अध्याय 10, पैराग्राफ 10.259) (ग) रेलवे चिकित्सा सेवा में विशेषज्ञों का अलग से कोई संवर्ग नहीं है और स्नातकोत्तर योग्यता प्राप्त डाक्टर विशेषज्ञों के रूप में कार्य करते हैं। रेलवे चिकित्सा सेवा के वर्तमान संवर्ग में इस सेवा के अधिकारियों को पदोन्नति के पर्याप्त अवसर उपलब्ध नहीं हैं । इस सेवा का पुनर्गठन करना आवश्यक है ताकि जहां कहीं आवश्यक हो, विशेषज्ञों के पदों के सृजन सहित, विभिन्न स्तरों पर पर्याप्त संख्या में पदों का निर्माण किया जा सके । (अध्याय 10, पैराग्राफ 10.403)	
27. प्रभावी बनाने की तारीख :		
(i) सिफारिश किए गए वेतनमानों का लाभ वर्तमान वित्तीय वर्ष के प्रारंभ से देना प्रशासनिक दृष्टि से सुविधाजनक होगा ।		अनुबन्ध की मद 1(क) में दी गई सिफारिशों के संबंध में निर्णय 1 जनवरी, 1986 से लागू किया जाएगा । पहली जनवरी, 1986 से मार्च, 1986 तक की अवधि के संबंध में बकायों की निवल राशि कर्मचारी के जी. पी. एफ./ सी. पी. एफ. खाते में जमा कर दी जाएगी । सी. पी. एफ. योजना के अन्तर्गत आने वाले कर्मचारियों के मामले में सरकार (नियोक्ता) की ओर से कोई तदनुरूपी अंशदान नहीं किया जाएगा ।
(ii) अन्य मामलों से संबंधित सिफारिशों के बारे में सरकार को उन्हें किसी उपयुक्त तारीख से लागू करने के लिए, सभी संगत पहलुओं को ध्यान में रखते हुए, जिनमें प्रशासनिक तथा सेवा पद्धति संबंधी कार्य भी शामिल है, स्पष्ट निर्णय लेने होंगे ।		संबंधित सरकारी आदेश में प्रभावी होने की तारीख का उल्लेख कर दिया जाएगा ।

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Expenditure)

New Delhi, the 13th March, 1987

RESOLUTION

No. F.14(2)/IC/86.—The decisions of the Government of India on the recommendations of the Fourth Central Pay Commission relating to civilian employees of the Central Government in Group 'B', 'C' and 'D' were notified in the Ministry of Finance Resolution No. 14(1)/IC/86 dated 13th September, 1986. Government have now given careful consideration to the recommendations of the Commission relating to structure of emoluments, allowances and conditions of service in respect of the Central Group 'A' services/posts, as also those in the All India Services, and have decided that the recommendations of the Commission in respect of these shall be accepted broadly, subject to the modifications mentioned below :

I. PAY SCALES OF ALL INDIA SERVICES :

(i) Indian Administrative Service :

The Senior Time Scale and Selection Grade of the Indian Administrative Service are to be Rs. 3200-4700 and Rs. 4800-5700 respectively and there is to be a Junior Administrative Grade (Rs. 3950-5000) (non-functional) for this service.

(ii) Indian Police Service :

The Indian Police Service is to have a non-functional Junior Administrative Grade (Rs. 3700-5000) and a Selection Grade (Rs. 4500-5700). The pay scale of DIG of Police will be Rs. 5100-150-5400-150-6150 (Rs. 5400 in the 18th year or later). The pay scale of DG (Police) in States is to be Rs. 7300-100-7600; in big States, the scale is to be Rs. 7600-100-8000.

(iii) Indian Forest Service :

The Indian Forest Service is to have a non-functional Junior Administrative Grade of Rs. 3700–5000, and a Selection Grade of Rs. 4100–5300. Conservator of Forests is to be in the scale of Rs. 4500-5700. The Additional Chief Conservator and Chief Conservator will be in the scale of Rs. 5900–6700. Principal Chief Conservator is to be in the scale of Rs. 7300–100–7600; in big States, the pay will be Rs. 7600 (fixed).

II. PAY SCALES OF CENTRAL GROUP 'A' SERVICES/POSTS :

(i) The following improvements have been made in the scales applicable to scientific posts in scientific organisations in which the scheme of Flexible Complementing is applicable :

